Regarding setting up of an agricultural university in Madhubani District-laid

श्री रामप्रीत मंडल (झंझारपुर) : बिहार राज्य के मिथिलांचल में मधुबनी जिला नेपाल के बॉर्डर पर है उसी जिला का झंझारपुर भाग मेरा लोक सभा क्षेत्र है । यह मिथिला संस्कृति का द्विध्रुव माना जाता है । यहां की विश्व प्रसिद्ध मिथिला पेंटिंग एवं मखाने की पैदावार के लिए इसकी विश्व भर में पहचान है । जिला का गठन सन् 1972 में दरभंगा जिला के विभाजन के उपरांत हुआ था । दरभंगा के तीन जिलों में विभाजन के उपरांत एक मात्र डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि महाविश्वविद्यालय अब समस्तीपुर जिला में चला गया है । वर्तमान में करीब 50 लाख की जनसंख्या वाले मधुबनी जिला और मेरे संसदीय क्षेत्र झंझारपुर में एक भी कृषि महाविद्यालय नहीं है, जिसके कारण जिला से विद्यार्थियों को बाहर जाना पड़ता है । अतः माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर मंडल में एक कृषि महाविद्यालय की स्थापना की स्वीकृति जल्द से जल्द देने की कृपा करें ।